**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे के बाद आज दिल्ली लौटीं– राज्यपाल व मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दी गरिमापूर्ण विदाई।
- प्रदेश में 51 शहरी निकाय के चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन– चार नगर निगमों में भाजपा व कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी।
- बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित– भगवान बुद्ध के उपदेश व शिक्षाओं पर डाला गया प्रकाश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– खोखला साबित हुआ राज्य सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा– विकास की गति ठप्प।
- धर्मशाला में इस महीने खेले जाएंगे आई.पी.एल. के तीन मैच– क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पांच दिवसीय हिमाचल दौरा आज संपन्न हो गया। इस दौरान राष्ट्रपति का अटल टनल रोहतांग और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का दौरा खराब मौसम के कारण रद्द करना पड़ा। हालांकि राष्ट्रपति ने 28 अपैल को शिमला के लोक भवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित राजकीय भोज में हिस्सा लिया और पिछले कल छराबड़ा में अपने निवास पर ऐट होम का आयोजन किया। राष्ट्रपति ने आज सुबह शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपति को कमान की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। बाद में राष्ट्रपति अनाडेल हैलीपैड से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं जहां राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उन्हें गरिमापूर्ण विदाई दी। इस मौके पर पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी और पुलिस व सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**शहरी निकाय चुनाव**

प्रदेश में 17 मई को होने वाले शहरी निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। 4 मई को इन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 6 मई को इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। आबादी के लिहाज़ से प्रदेश के सबसे बड़े ज़िले कांगड़ा में कुल 8 शहरी निकायों में चुनाव करवाए जाएंगे। इनमें दो नगर निगम, 5 नगर परिषद और एक नगर पंचायत शामिल है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

**बुद्ध पूर्णिमा**

आज बुद्ध पूर्णिमा है। प्रदेश भर में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पार्टी के अन्य नेताओं ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बिंदल ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

स्पीति घाटी के प्रसिद्ध कीह गोंपा में भी भगवान बुद्ध की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भगवान बुद्ध के उपदेशों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान लामाओं ने पारंपरिक छम नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी और नन्हें लामाओं की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

**सी.पी.आर.आई.**

शिमला स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आज एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेशभर से आए किसानों के अलावा वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों ने भाग लिया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉक्टर मांगीलाल जाट ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि रसायन मुक्त आलू की खेती को बढ़ावा देना समय की ज़रूरत है, क्योंकि रसायनों का छिड़काव न केवल किसानों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी नुकसान पहुंचाता है। महानिदेशक ने रोगमुक्त आलू किसानों तक पहुंचाने में संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा खोखला साबित हुआ है और राज्य में हर जगह अव्यवस्था नज़र आ रही है। उन्होंने आज धर्मशाला में कहा कि टांडा मैडिकल कॉलेज में असुविधाओं का अंबार है और मरीज़ों को अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग की ओ.पी.डी. में ताला लटका हुआ है और मरीज़ बिना जांच के ही वापस लौटने को विवश हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में विकास की गति को काफी पीछे धकेल दिया है और सरकार की नीति व नीयत पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

**कुलदीप राठौर**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप राठौर ने ओलावृष्टि से सेब बागीचों को हुए नुकसान की एवज में बागवानों को मुआवज़ा देने की राज्य सरकार से मांग की है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि पिछले कुछ दिनों में शिमला ज़िले के ऊपरी क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई है और सेब की फसल को काफी क्षति पहुंची है।

कुलदीप राठौर ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से लोकसभा में सेब आयात शुल्क बढ़ाने का मुद्दा उठाने का आग्रह किया गया है। राठौर ने कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने कल कांगड़ा में राहुल गांधी से विस्तृत चर्चा की।

**रीना कश्यप**

भाजपा विधायक रीना कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में हर हाल में पारित करवाएगी और देश की महिलाओं को लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण मिलकर रहेगा। उन्होंने सोलन में एक पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि कांग्रेस व उसके सहयोगी दल महिला विरोधी हैं और उन्होंने इस विधेयक को लोकसभा में पारित नहीं होने दिया। रीना कश्यप ने कहा कि केन्द्र सरकार इस विधेयक पर मंथन कर रही है।

**आई.पी.एल.**

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इस महीने आई.पी.एल. के 3 बड़े मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 11 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। दूसरा मुकाबला 14 मई को पंजाब किंग्स और मुम्बई इंडियन्स के बीच खेला जाएगा। इसी प्रकार 17 मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू की टीमें आमने सामने होंगी। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इस दौरान धर्मशाला में पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे।

**श्रम दिवस**

आज विश्वभर के श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए श्रम दिवस मनाया गया। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन विश्व भर में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की प्राप्ति में श्रमिकों के बलिदान को याद किया जाता है। वर्ष 1889 में, यूरोप की कई समाजवादी पार्टियों ने पहली मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे के बाद आज दिल्ली लौटीं– राज्यपाल व मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दी गरिमापूर्ण विदाई।
- प्रदेश में 51 शहरी निकाय के चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन– चार नगर निगमों में भाजपा व कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी।
- बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित– भगवान बुद्ध के उपदेश व शिक्षाओं पर डाला गया प्रकाश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– खोखला साबित हुआ राज्य सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा– विकास की गति ठप्प।
- धर्मशाला में इस महीने खेले जाएंगे आई.पी.एल. के तीन मैच– क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह।